
तापमान
अधिकतम 32.9°c
न्यूनतम 28.4°c

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 29 जुलाई 2026

**शहर में आज**
- गोकर्ण डेरे पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव सुबह 9 बजे
- नगर निगम कमिश्नर की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम का शहर में होटलों पर दौरा सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे

# पीजीआई का कमाल : बच्चे के फेफड़े में फंसा पेंच बिना चीरफाड़ किए निकाला



## ईएनटी चिकित्सकों ने दिया 3 साल के बच्चे को जीवनदान
## 2 घंटे तक चला ऑपरेशन, जांघ की हड्डी टूटने पर कराया था भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस के चिकित्सकों की टीम ने एक चमत्कार कर दिखाया। नारनौल के रहने वाले तीन साल के बच्चे के फेफडे में फंसे पेंच को बिना चीरफाड़ किए दूरबीन से बाहर निकाल दिया गया। दो घंटे तक चले जटिन ऑपरेशन के बाद बच्चा सकुशल है। बच्चे को जांघ की हड्डी टूटने पर पीजीआई भर्ती कराया गया था। पीजीआई के ईएनटी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ रमन वडेरा ने कैस के बारे में पूरी जानकारी देते हुए बताया कि अनंत 13 जुलाई 2026 को बिस्तर से गिर गया था। बाईं जांघ की हड्डी टूट गई थी। पहले नारनौल अस्पताल में प्लास्टर लगा, फिर 8-9 दिन एक निजी अस्पताल में इलाज चला। 22 जुलाई तक परिवार को लगा सब सामान्य है। लेकिन जब 23 जुलाई को जांघ के ऑपरेशन से पहले डाक्टरों ने रूटीन छाती का एक्स-रे करवाया तो रेडियोलॉजिस्ट भी चौंक गए। एक्स-रे में दाहिने फेफड़े के निचले हिस्से में एक धातु का पेंच साफ दिखाई दे रहा था। घरवालों को याद भी नहीं था कि अनंत ने कब और कैसे इसे निगल लिया। कोई गवाह नहीं था, कोई लक्षण नहीं था।

### सांस की नली हो सकती थी ब्लॉक

पीजीआई में हुई सीटी स्कैन में पुष्टि हुई कि पेंच दाहिने ब्रोंकस इंटरमीडियस में फंस चुका है। डॉक्टरों के लिए यह बेहद दुर्लभ और खतरनाक स्थिति थी। पेंच कभी भी सांस की नली को पूरी तरह ब्लॉक कर सकता था। पेंच को बिना ऑपरेशन बाहर निकालना किसी चुनौती से कम नहीं था क्योंकि थोड़ी सी गलती से बच्चे की जान पर बन सकती थी। इस चुनौती को स्वीकारा पीजीआईएमएस के ईएनटी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. रमन वडेरा और उनकी टीम ने। डॉ. वडेरा ने रीजिड ब्रोंकोस्कोपी तकनीक के जरिए जनरल एनेस्थीसिया में ऑपरेशन किया। इस प्रक्रिया में गले के रास्ते एक पतली दूरबीन डालकर बिना शरीर पर कोई चीरा लगाए पेंच को ढूंढा गया और सकुशल बाहर निकाल लिया गया।



### बच्चे मुंह में डाल लेते हैं हर चीज : डॉ. रमन

डॉ. रमन वडेरा का कहना है कि अक्सर 6 माह से बड़े बच्चे हर चीज मुंह में डालकर चेक करते हैं। पेंच, नट-बोल्ट, सिक्के, बैटरी, खिलौनों के छोटे पार्ट्स बच्चों के लिए सबसे बड़े दुश्मन हैं। सबसे डरावनी बात यह है कि कई बार एस्पिरेशन के बाद कोई लक्षण नहीं दिखता, जैसे देवांश के केस में हुआ। डॉ. रमन वडेरा ने कहा कि अगर बच्चा अचानक तेज खांसे, आवाज बैठ जाए या बिना वजह चिड़चिड़ा हो तो तुरंत जांच करानी चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ जगत सिंह ने बताया कि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ओर निदेशक डॉ एस के सिंघल के नेतृत्व में अस्पताल में ऐसी आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ टीम मौजूद है।

### जरा सी लापरवाही पड़ सकती है भारी : डॉ. एचके अग्रवाल

कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल ने इस सफल ऑपरेशन पर खुशी जताते हुए कहा कि पीजीआईएमएस प्रदेश का सबसे बड़ा और भरोसेमंद रेफरल सेंटर है। उन्होंने कहा कि देवांश जैसे दुर्लभ केस में समय पर निदान और डॉ. रमन वडेरा जैसी कुशल टीम ही जान बचाती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि छोटे बच्चों को पेंच, सिक्के, बैटरी में और खिलौनों के छोटे पार्ट्स से दूर रखें क्योंकि एक पल की लापरवाही भारी पड़ सकती है। यहां हर रोज प्रदेश और आसपास के राज्यों से जटिल से जटिल मरीज इलाज के लिए आते हैं। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि कुलपति के रूप में उनकी प्राथमिकता हमेशा यही रही है कि मरीजों को एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय जांच, आधुनिक मशीनें और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध हो।

# एनजीओ संभालेंगे सीनियर सिटीजन क्लब का जिम्मा!

## बुजुर्गों ने जताया विरोध, बोले- हमारा आश्रय न छीने सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश सरकार ने सीनियर सिटीजन क्लबों के संचालन की जिम्मेदारी गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को सौंपने की तैयारी कर ली है। शहर के बुजुर्गों ने इसका विरोध किया है। सेक्टर-3 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में मंगलवार को एकत्रित हुए सदस्यों ने मंगलवार को कहा कि सरकार को निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि क्लब कोई व्यावसायिक संस्था नहीं, बल्कि बुजुर्गों के सामाजिक जुड़ाव, मानसिक संबल और आपसी सहयोग का केंद्र है। ऐसे में इसका संचालन किसी एनजीओ को देने की बजाय बुजुर्गों व प्रशासन की भागीदारी से ही जारी रखा जाना चाहिए। ध्यान रहे कि क्लब वर्ष 2010 में शुरू हुआ था। वर्तमान में इसका संचालन डीएसडब्ल्यूओ कार्यालय की देखरेख में होता है। क्लब के पदेन अध्यक्ष डीसी होते हैं। यहां रोज बड़ी संख्या में बुजुर्ग पहुंचकर समाचार पत्र पढ़ते हैं, चर्चा करते हैं और अपना समय बिताते हैं। क्लब के सचिव सूरजमल मलिक ने कहा कि सरकार धीरे-धीरे सामाजिक कल्याण की जिम्मेदारी से पीछे हटती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि क्लब का संचालन वर्षों से बुजुर्गों की भागीदारी से होता आया है और इसे उसी व्यवस्था में रहने दिया जाना चाहिए।

सिटी पल्स



### मूल भावना प्रभावित होने का खतरा



सूरजमल मलिक ने कहा कि यदि संचालन किसी एनजीओ को सौंपा गया तो उसकी प्राथमिकता बुजुर्गों की सेवा से अधिक अपने संगठन का संचालन और संसाधनों का प्रबंधन हो सकती है। इससे क्लब की मूल भावना प्रभावित होने का खतरा है। क्लब के करीब 500 आजीवन सदस्य व 100 वार्षिक सदस्य हैं। आजीवन सदस्यता 500 रुपये व वार्षिक सदस्यता के लिए 100 रुपये शुल्क लिया जाता है। सदस्यों के सहयोग से क्लब की कई गतिविधियां संचालित होती हैं।

### यह चिंता का विषय



क्लब के एक अन्य सदस्य इंद्र सिंह हुड्डा ने सरकार के निर्णय पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि सरकार प्रतिवर्ष 3 से 4 लाख रुपये भी सीनियर सिटीजन क्लबों पर खर्च नहीं कर सकती तो यह चिंता का विषय है। इतने कम खर्च से यदि हजारों बुजुर्गों को सामाजिक मंच और मानसिक सहारा मिलता है तो इसे बोझ नहीं माना जाना चाहिए। क्लब पर एक लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है, जबकि चौकीदार को पिछले एक वर्ष से वेतन भी नहीं मिला है। पहले सरकार की ओर से क्लब के लिए एक माली और एक चौकीदार की व्यवस्था की गई थी, लेकिन अब संसाधनों की कमी साफ दिखाई दे रही है।

### सदस्यों की राय लेनी चाहिए

बुजुर्गों का कहना है कि सरकार का तर्क है कि एनजीओ के माध्यम से संचालन होने पर क्लबों में सुविधाएं बढ़ेंगी। लेकिन इसके लिए क्लबों का पूरा संचालन एनजीओ को सौंपने की बजाय सरकार अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराकर मौजूदा व्यवस्था को ही मजबूत बना सकती है। सीनियर सिटीजन क्लब केवल बैठने की जगह नहीं हैं। यह ऐसे मंच हैं, जहां बुजुर्ग अपने अनुभव साझा करते हैं, सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हैं और अकेलेपन से बाहर निकलते हैं। कई बुजुर्गों के लिए यह क्लब दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। इसलिए नई व्यवस्था को लागू करने से पहले क्लबों से जुड़े सदस्यों की राय अवश्य ली जानी चाहिए।

### क्लबों का ब्योरा जुटा रही सरकार

जानकारी के अनुसार, सरकार प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर संचालित सीनियर सिटीजन क्लबों का ब्यौरा जुटा रही है। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत एनजीओ का चयन कर संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। प्रशासन की भूमिका निगरानी तक सीमित रहने की संभावना है। हालांकि रोहतक के बुजुर्गों का कहना है कि इस निर्णय को लागू करने से पहले सरकार को उनके अनुभव, सुझाव और आशंकाओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। बुजुर्गों ने अपील की कि सीनियर सिटीजन क्लबों की पहचान, स्वायत्तता व सामाजिक उद्देश्य को बनाए रखते हुए ऐसा समाधान निकाला जाए, जिससे सुविधाएं भी बढ़ें और क्लबों का संचालन भी बुजुर्गों की भागीदारी से ही चलता रहे। यदि सरकार वास्तव में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, तो उसे फैसले पर पुनः विचार करना चाहिए।

## वकील के बेटे को पहले स्कूटी से टक्कर मारी, फिर दोस्त बुलाकर पिटवाया



**रोहतक।** बजरंग भवन क्षेत्र में अधिवक्ता के बेटे को एक स्कूटी सवार ने पहले टक्कर मारी फिर अपने दोस्तों को बुलाकर उसे पीट दिया। घायल युवक को सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिवक्ता एतबार सिंह के बेटे मोहित बेनिवाल किसी काम से बजरंग भवन क्षेत्र में गए थे। तभी आरोपी युवक ने उसे स्कूटी से टक्कर मार दी। दोनों के बीच कहासुनी हुई तो आरोपी ने अपने साथियों को बुलाया और सभी ने उससे मारपीट की।

# पॉक्सो और रेप केस में छह साल जेल काटने के बाद कोर्ट ने सात आरोपियों को किया बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दुष्कर्म और पॉक्सो केस में फंसे सात आरोपियों को छह साल जेल काटने के बाद एडीजे की अदालत ने पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर बरी कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने कोर्ट में आरोपों को निराधार बताया, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें दोषमुक्त करार दिया। अधिवक्ता चौधरी के अनुसार सांपला थाना में 1 अक्टूबर 2020 को छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया गया था। 24 घंटे बाद शिकायतकर्ता ने शिकायत में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं जुड़वा दीं। पुलिस ने बलराम, बलराज सहित 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था।

### पुरानी रंजिश बनी मुकदमे की वजह

बचाव पक्ष का दावा है कि आरोपी बलराम का शिकायतकर्ता के बेटे के साथ पहले विवाद हो चुका था। इसी रंजिश के चलते पहले छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया गया और बाद में उसे दुष्कर्म के मामले में बदल दिया गया। अदालत में इसी पहलू को भी प्रमुखता से उठाया गया। अधिवक्ता ने बताया कि सातों आरोपी करीब छह वर्ष तक जेल में रहे। इस दौरान उन्हें जमानत नहीं मिल सकी। लंबे ट्रायल के बाद अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों को आरोप सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं माना और सभी को बरी कर दिया।

### कोर्ट ने साक्ष्यों को नहीं माना पर्याप्त

बचाव पक्ष ने अदालत में दलील दी कि शिकायतकर्ता की ओर से प्रस्तुत इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों में कई विसंगतियां थीं। साथ ही पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी देरी से कराया गया, जिससे अभियोजन पक्ष के मामले पर सवाल खड़े हुए। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा पूर्व में भी कई लोगों के खिलाफ झूठी शिकायतें देने का रिकॉर्ड अदालत के समक्ष रखा गया। मामले में अभियोजन पक्ष ने 32 गवाह बनाए थे, जिनमें से 26 की गवाही हुई। सुनवाई के दौरान साक्ष्यों के प्रस्तुत होने में लगातार देरी होती रही, जिसके कारण मुकदमा करीब छह साल तक चलता रहा। अंततः अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सातों आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।




## मिट्टी के नीचे दबने से एक की मौत, कंपनी प्रबंधन पर केस

**सांपला।** सांपला-बेरी रोड स्थित एक कंपनी में काम के दौरान मिट्टी धंसने से एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही से मौत के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस्माइला निवासी कृष्णलाल ने बताया कि उनका बेटा राजबीर (39) जीबी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत था। सोमवार सुबह वह ड्यूटी पर गया था। दोपहर साढ़े 3 बजे सूचना मिली कि गहरे गड्ढे में काम करते समय मिट्टी धंसने से वह दब गया है। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सांपला लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता पिता का आरोप है कि घटना स्थल और कंपनी की सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि राजबीर को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के गहरे गड्ढे में उतारा गया था। कंपनी प्रबंधन की लापरवाही के कारण भारी मात्रा में मिट्टी उसके ऊपर गिर गई, जिसके नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। आरोप है कि मिट्टी में दबे राजबीर को जेसीबी से बाहर निकाला गया, जिससे उसके पैरों पर भी चोटें आईं। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खाना खाकर टहल रहे ड्राइवर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**महम।** महम के पास रात को ढाबे पर खाना खाने के बाद सड़क पर टहल रहे कैंटर चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में महम थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

भिवानी के गांव धनाना निवासी रविंद्र पुत्र राजाराम ने बताया कि उसके ताऊ सुरेंद्र का 23 वर्षीय बेटा विकास अग्रवाल रोड कैरियर हिसार कैंट की आइशर कैंटर चलाता था। वह 27 जुलाई को माल भरकर हिसार से दिल्ली जा रहा था। रात 9 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर बहलबा मोड़ के पास एक ढाबे पर खाना खाने के बाद वह घूमता हुआ ढाबे से 700-800 मीटर आगे चला गया। वहां पर किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। उसने और परिजनों ने उसे महम के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस से लापरवाह वाहन चालक का पता लगाकर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

**नियुक्ति** | 4 दशक के अनुभव और कौशल से मिलेंगे बेहतर अवसर

# डॉ. एसके सिंघल बने हरियाणा स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल के प्रथम चेयरपर्सन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग द्वारा राष्ट्रीय एलाइड एवं हेल्थकेयर प्रोफेशन आयोग अधिनियम, 2021 (एनसीएएचपी एक्ट, 2021) के तहत हरियाणा स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल का गठन किया गया है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पीजीआईएमएस के निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर (एनेस्थीसियोलॉजी) डॉ. सुरेश कुमार सिंघल को इस काउंसिल का प्रथम चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। करीब चार दशक के चिकित्सा और प्रशासनिक अनुभव वाले डॉ. सिंघल ने कहा कि उनका लक्ष्य एलाइड एवं हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, व्यवस्थित पहचान व बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने हरियाणा को एलाइड एवं हेल्थकेयर शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प भी दोहराया। डॉ. सिंघल के नेतृत्व में पीजीआईएमएस में कई नए विभाग शुरू हुए हैं वा आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं, शोध और मरीज-केंद्रित सुविधाओं को बढ़ावा मिला है। कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए इस नियुक्त को स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

### ये हैं डॉ. सिंघल की उपलब्धियां



जनसंपर्क विभाग के सीनियर प्रोफेसर इंचार्ज डॉ मंजूनाथ ने बताया कि डॉ. सुरेश कुमार सिंघल ने 1987 में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ से एमडी (एनेस्थीसियोलॉजी) की उपाधि प्राप्त की। वे पीजीआईएमएस के निदेशक, एनेस्थीसियोलॉजी विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वे विवि की अकादमिक काउंसिल, कार्यकारिणी परिषद, बोर्ड ऑफ स्टडीज, फैकल्टी ऑफ सर्जरी एंड एलाइड साइंसेज सहित अनेक महत्वपूर्ण समितियों का नेतृत्व कर चुके हैं। वे स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन की स्टीयरिंग कमेटी हरियाणा के चेयरमैन का दायित्व निभा रहे हैं। उनके नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 156 शोध प्रकाशन, अनेक वैज्ञानिक व्याख्यान, पुस्तक अध्याय तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दर्ज हैं।




# सावन माह को लेकर मंदिरों में तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भगवान शिव की आराधना के पावन सावन माह को लेकर जिले के प्रमुख शिवालयों और मंदिरों में तैयारियां तेज हो गई हैं। मंदिर समितियां और सामाजिक संगठन श्रद्धालुओं के स्वागत एवं सुगम दर्शन के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं करने में जुटे हैं। मंदिरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन, विद्युत सजावट और परिसर की विशेष सज्जा का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं, शिव भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।गौकर्ण डेरे के महामंडलेश्वर बाबा कपिलपुरी महाराज ने बताया कि सावन माह के दौरान प्रत्येक सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। इसे देखते हुए मंदिरों में दर्शन के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कई मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे, स्वयंसेवकों की तैनाती और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी की जा रही है। शहर के प्रमुख शिवालयों में विशेष धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। सावन के प्रत्येक सोमवार को रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, शिव महापुराण कथा, भजन-कीर्तन और महाआरती जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी रहेगी।

### विशेष तैयारियां की जा रही

कांवड़ यात्रा को देखते हुए भी मंदिर समितियां विशेष तैयारी कर रही हैं। हरिद्वार और अन्य तीर्थस्थलों से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों के स्वागत के लिए विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में ठंडे पेयजल, चिकित्सा सहायता, विश्राम और भोजन की व्यवस्था की जाएगी। सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं भी इस सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की तैयारी कर रही हैं।

### इन चार सोमवार पर विशेष संयोग

अगस्त माह सावन में चार सोमवार पडेंगे। पहला सावन सोमवार 3 अगस्त, दूसरा 10 अगस्त, तीसरा 17 अगस्त और चौथा 24 अगस्त को पड़ेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। पौराणिक कथाओं में वर्णन मिलता है कि समुंद्र मंथन के दौरान निकले विष का पान करने के बाद देवताओं ने भगवान शिव को जल अर्पित कर उनकी तपन शांत की थी। तभी से सावन में जलाभिषेक की परंपरा चली आ रही है।

# गौकर्ण डेरा और सांपला कालिदास धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गौकर्ण डेरा, जन सेवा संस्थान, बालक पुरी डेरा, सोहम मंदिर, कलानौर सती भाई साई दास आश्रम,सांपला स्थित बाबा कालिदास धाम आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर आश्रम परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आश्रम को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजकों के अनुसार गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान गुरु पूजन, हवन-यज्ञ, सत्संग, भजन-कीर्तन और आशीर्वचन जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु अपने गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आश्रम प्रबंधन ने बताया कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति में गुरु के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर श्रद्धालु गुरु का पूजन कर आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं तथा समाज में सद्भाव, सेवा और संस्कारों का संदेश देते हैं।

## पीपीपी नीति के विरोध में टूरिज्म कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन



**रोहतक।** तिलियार झील स्थित हरियाणा पर्यटन केंद्र पर हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ ने सर्व कर्मचारी संघ के सहयोग से धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) नीति का विरोध किया और मांगें पूरी नहीं होने पर 8-9 अगस्त को गोहाना में पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा के घेराव की चेतावनी दी। वरिष्ठ उपप्रधान सुरेश नोहरा ने कहा कि सरकार कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने में गंभीरता नहीं दिखा रही। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यायालय के आदेशों के बावजूद कर्मचारियों को स्थायी नहीं किया जा रहा। उन्होंने पर्यटन केंद्रों में रिक्त पदों पर भर्ती, लंबित पदोन्नति और निजीकरण की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। साथ ही सूरजकुंड मेले में घोषित सुविधाएं नहीं मिलने पर भी कर्मचारियों की नाराजगी का कारण बताया। संघ के महासचिव सुभाष देशवाल ने आरोप लगाया कि पर्यटन विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और ईमानदार कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के 43 पर्यटन केंद्रों में से अधिकांश में कर्मचारियों की कमी, वेतन में देरी और संसाधनों का अभाव है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।


### 9.55 करोड़ रुपये की स्वीकृति, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

# अग्रसेन चौक से माल गोदाम रोड तक बिछाई जाएगी नई सीवर लाइन

## दो माह के अंदर टेंडर प्रक्रिया, चार महीने में पूरा होगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। प्रमुख मार्ग अग्रसेन चौक से माल गोदाम रोड के पीछे तक नई सीवर पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट के लिए मुख्यालय की ओर से 9 करोड़ 55 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। वर्षों से इस क्षेत्र में सीवर चोकिंग और ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई थी, जिसके समाधान के लिए यह योजना तैयार की गई है। स्वीकृति मिलते ही परियोजना की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। तय कार्यक्रम के अनुसार अगले दो माह के भीतर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद ठेकेदार का चयन कर कार्य को शुरू कराया जाएगा। विभाग का लक्ष्य है कि चार माह के भीतर पूरा निर्माण कार्य खत्म कर दिया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय निवासियों ने बताया कि अग्रसेन चौक और माल गोदाम रोड के पीछे का इलाका लंबे समय से सीवर समस्या से परेशान था। भारी बारिश के दौरान सड़कों पर गंदा पानी भर जाता था, जिससे यातायात प्रभावित होने के साथ स्वच्छता हादसे भी बढ़ जाते थे।


एआई जेनरेटेड

### विधायक भी समस्या के लिए दे चुके धरना

विधायक भारत भूषण बतरा ने भी एक माह पहले माल गोदाम रोड पर धरना दिया था। लोग यहां पर पड़ रहे है, वाहन खुले सीवरों में पड़ रहे है। विभाग का इस तरफ ध्यान ही नहीं था। जबकि यह रोड ऐसा है, आसपास के गांव के हजारों लोग यहां पर सामान लेने के लिए आते है। लेकिन यहां से लोगों को निकलना तक मुश्किल हो चुका है। हर दूसरे दिन यहा सीवर ओवरफ्लों होकर सारा दूषित पानी सड़क पर आ जाता है। जिसका मुख्य कारण डेयरी भी है, क्योंकि लोग गोबर को ऐसे ही बहा देते है। दुकानदार इकट्ठा होकर शिकायत भी कर चुके है, लेकिन कोई समाधान ही नहीं किया जा रहा था।

**1** अग्रसेन चौक, माल गोदाम रोड के पीछे का इलाका सीवर की समस्या से था परेशान

### शिकायतों के बावजूद स्थाई समाधान नहीं

कई बार शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं मिल पाया था, लेकिन अब नई पाइपलाइन से इस समस्या का स्थायी निवारण होने की उम्मीद है। प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद माल गोदाम रोड, अग्रसेन चौक और आसपास की गली-मोहल्लों में सीवर लाइन का जाल बेहतर तरीके से काम करेगा। इससे स्थानीय नागरिकों को गंदगी, दुर्गंध और पानी भराव की समस्या से राहत मिलेगी।

### आबादी के दबाव को संभाल लेगी नई लाइन

यह पाइपलाइन आधुनिक मानकों के आधार पर बिछाई जाएगी। इससे क्षेत्र के सीवर नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी और भविष्य में बढ़ती आबादी के दबाव को भी आसानी से संभाल सकेगी। साथ ही, पुरानी जर्जर पाइपलाइनों को हटाकर नई लाइन बिछाने से लीकेज और ब्लॉकेज की समस्या समाप्त होगी।
-प्रदीप कुमार, एसडीओ,
जन स्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

## न्यूज डायरी

### महापुरुषों के आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही भाजपा : नवीन



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के निर्देशानुसार महर्षि वेदव्यास जयंती एवं गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूरे हरियाणा के शहरों एवं गांवों के प्रमुख मंदिरों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर मंदिरों के महंतों एवं पुजारियों का सम्मान किया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव भगवतीपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अनिल (फट्टा), सुभाष खाती, मोनू सुहान, ढील्ला ढुल, कन्ना ढुल, मोहित, मोनी, सोनू, विकास ढुल, अमित महला एवं कपिल ढुल रहे।

### बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार नहीं : उपायुक्त



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का पंजीकरण अथवा लाइसेंस प्राप्त करने के लिए जागरूक किया जाए। बिना पंजीकरण या लाइसेंस के खाद्य कारोबार करना नियमों के विरुद्ध है और इस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि खाद्य सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन हो सके। नवीन ढुल ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का अत्यंत पवित्र एवं महत्वपूर्ण पर्व है। यह पावन दिवस महर्षि वेदव्यास की पावन जयंती के रूप में भी पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

### हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम




**रोहतक।** स्थानीय उपमंडल नागरिक अस्पताल में सोमवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. कमला वर्मा उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार मलिक ने की। डॉ. कमला वर्मा ने कहा कि "स्वस्थ यकृत–स्वस्थ जीवन" को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस वायरस के पांच प्रमुख प्रकार ए, बी, सी, डी और ई हैं, जिनमें बी और सी सबसे अधिक संक्रमण फैलाते हैं। कार्यक्रम में आरएमओ डॉ. तेज सिंह, हेल्थ इंस्पेक्टर सतीश कुमार, दर्शन कुमार, सरिता, सुदेश, आशा कार्यकर्ता तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### 31 तक ऋणी किसानों का फसल बीमा काटे बैंकः एडीसी



**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने सभी बैंकों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ सीजन में सभी ऋणी किसानों का फसल बीमा प्रीमियम 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से काटा जाए। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक किसानों की फसल और गांववार पूरा डाटा पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र किसानों का समय पर बीमा हो सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के निर्देशानुसार सभी ऋणी किसानों को योजना का लाभ देना अनिवार्य है। बैठक में एलडीएम महाबीर प्रसाद, अचल शर्मा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी विनोद हुड्डा, सांख्यिकी सहायक विकास, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि सुनील भारती, सचिन मिश्रा आदि रहे।

### छात्रों को नशे व साइबर अपराध पर किया जागरूक

**रोहतक।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने बुधवार को गांव सुनारिया स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराधों से बचाव और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने /"नशा मुक्त भारत–सुरक्षित भारत/" का संकल्प भी लिया। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय के अनुसार एसपी गौरव राजपुरोहित के निर्देशन में जिले में नशा मुक्त भारत अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में उप निरीक्षक मोहन के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने डोर-टू-डोर अभियान के दौरान गांव सुनारिया पहुंचकर विद्यार्थियों और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने विद्यार्थियों से कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज का सबसे बड़ा दुश्मन है।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां पूरी करें अधिकारी

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां समय पर पूरी कराई जाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप जिला मुख्यालय के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी भव्य समारोह आयोजित किए जाएंगे। सभी विभागों को सौंपे गए दायित्व निर्धारित समय सीमा में पूरे करने होंगे। मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित होगा, जबकि सांपला और महम उपमंडल मुख्यालयों पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आयोजन स्थल की साफ-सफाई, साज-सज्जा और अन्य व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

# बिना स्वास्थ्य चेतावनी वाली इम्पोर्टेड सिगरेट बेची तो होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में बिना वैधानिक स्वास्थ्य चेतावनी वाली इम्पोर्टेड सिगरेट की बिक्री पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसी सिगरेट की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है और यदि कोई दुकानदार बिना चेतावनी अंकित इम्पोर्टेड सिगरेट बेचता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. योगेश कादयान के नेतृत्व में विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न बाजारों और दुकानों पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों को तंबाकू उत्पादों से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई और उन्हें बताया गया कि भारत में बिकने वाले सभी तंबाकू उत्पादों पर निर्धारित आकार में वैधानिक स्वास्थ्य चेतावनी अंकित होना अनिवार्य है। बिना चेतावनी वाले इम्पोर्टेड उत्पादों की बिक्री कानून का उल्लंघन है। अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने प्रतिष्ठानों से ऐसे सभी प्रतिबंधित उत्पाद तुरंत हटा लें। भविष्य में निरीक्षण के दौरान यदि किसी दुकान पर बिना स्वास्थ्य चेतावनी वाली इम्पोर्टेड सिगरेट मिली तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जुर्माना और अन्य दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।




**रोहतक।** डॉ. योगेश कादयान दुकानों का निरीक्षण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### अभियान का उद्देश्य दुकानदारों को नियमों के प्रति जागरूक करना

डॉ. योगेश कादयान ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि दुकानदारों को नियमों के प्रति जागरूक बनाना भी है ताकि वे अनजाने में किसी कानूनी उल्लंघन के भागीदार न बनें। तंबाकू उत्पादों के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना सभी विक्रेताओं के लिए अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे केवल नियमों के अनुरूप और वैधानिक स्वास्थ्य चेतावनी वाले उत्पादों की ही बिक्री करें।

# क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार का त्याग ही सच्ची गुरु दक्षिणा : ॐ सिद्धेश्वर ब्रह्मऋषि

■ चेन्नई में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा व आध्यात्मिक चेतना के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सिद्धेश्वर वर्ल्ड फाउंडेशन, चेन्नई केंद्र एवं श्री ब्रह्मऋषि आश्रम, तिरुपति के संयुक्त तत्वावधान में चेन्नई में श्री गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव-2026 श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। परम पूज्य ॐ सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि के दिव्य सान्निध्य में आयोजित इस महोत्सव में मॉरीशस के प्रधान सहित विदेश के अन्य मंत्रियों व नेताओं ने अपना मैसेज भेजकर ओर देश-विदेश से हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गुरु चरणों में अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता अर्पित की।

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, सामूहिक ध्यान, गुरु पूजन एवं प्रार्थना में भाग लेकर आत्मिक शांति और दिव्य आनंद का अनुभव किया। कार्यक्रम के आयोजक प्रकाश खिवसरा एवं जगदीश कडवल ने किया। ॐ सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि ने कहा कि गुरु मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा प्रकाश हैं। सद्गुरु ही वह दिव्य शक्ति हैं जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर आत्मज्ञान का दीप प्रज्वलित करती है तथा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। उइस अवसर पर ॐ सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि सरला बाई बोथरा को उपासिका तथा राजेश जैन उपासक से नवाजा गया। जो आश्रम ओरआध्यात्मिक परंपरा का दायित्व संभालेंगे। इस पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने हर्ष और श्रद्धा के साथ स्वागत किया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के उद्योगपति जुगल तनेजा बेंगलुरु में करोड़ों रुपये की लागत से एआई आधारित अस्पताल और आधुनिक शिक्षा पद्धति पर आधुनिक विद्यालय स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि ने धर्म के महत्व पर कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ का विषय नहीं, बल्कि सत्य, न्याय, करुणा और मानवता की रक्षा का मार्ग है। उन्होंने कहा कि धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए साहस एवं दृढ़ता आवश्यक है।



**रोहतक।** गुरुभक्तों से क्रोध, ईर्ष्या, लोभ, मोह और अहंकार रूपी भिक्षा मांगते हुए ॐ सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि । *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंत्री, सांसद, न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी के इलावा साध्वी संघमित्रा, एम. एस. बिट्टा, डॉ. हर्षवर्धन (पूर्व मंत्री), के. के. बिश्नोई (मंत्री), जनेश्वर, के. सी. बिश्नोई, विजय शर्मा, संदीप सक्सेना(आईईएस), प्रदीप यादव (आईईएस), मंगत शर्मा (आईईएस), अविनाश कुमार (आईईएस), कृष्णमूर्ति, अल्बर्ट, सुभाष चंद्र (कमिश्नर), बच्चू सिंह, शांतिलाल मेहता, आशीष मेहता, जितेंद्र श्रीमाली, ओमप्रकाश शर्मा एवं प्रमोद पालीवाल, संजय शर्मा गुरुग्राम, सुभाष चंद्रा आदि रहे।

## काम पर जाते समय मजदूरों में मारपीट, कई घायल

**सांपला।** शहर के लेबर चौक पर मंगलवार की सुबह काम पर जाते समय मजदूरों में झगड़ा हो गया। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई । सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और वहां पर मौजूद मजदूरों को समझाकर मामला सुलझा दिया। मंडी के पास लैंबर चौंक है। सुबह मजदूर काम के लिए इकट्ठे होते है। जरुरत के हिसाब से लोग उन्हें अपने साथ ले जाते हैं। मंगलवार को भी रुटीन में मजदूर खड़े थे। सुबह क ई लोग लैबर लेने आए हुए थे। तभी किसी बात को लेकर मजदूरों में झगड़ा हो गया। जिसमें मारपीट शुरू हो गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची और उन्हें समझाया कर काम पर भेज दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि अभी तक इस मामले में किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई।

### धान को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत, बारिश नहीं होने से नमी हुई कम

# मानसून आए एक महीना हुआ, लेकिन खेत अब भी प्यासे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश में मानसून के दस्तक दिए करीब एक महीना होने को है, लेकिन रोहतक जिले में अब तक एक भी ऐसी जोरदार बारिश नहीं हुई है, जिससे खरीफ फसलों को पर्याप्त पानी मिल सके। मंगलवार को दिनभर कई बार मौसम ने करवट ली। आसमान में घने बादल छाए और तेज बारिश होने के आसार बने, लेकिन बादल बिना बरसे ही आगे बढ़ गए। कहीं-कहीं केवल हल्की फुहारें पड़ीं, जिससे खेतों की प्यास नहीं बुझ सकी। बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता और बढ़ गई है। जिले में इस समय धान को सबसे अधिक पानी की जरूरत है। लगातार अच्छी बारिश नहीं होने से खेतों में नमी कम होती जा रही है। जिन किसानों के पास ट्यूबवेल की सुविधा नहीं है, वे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। वहीं जिन किसानों ने बारिश की उम्मीद में सिंचाई टाल दी थी, उन्हें अब मजबूरन ट्यूबवेल से पानी देना पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है। मंगलवार को दोपहर के समय कई इलाकों में तेज बारिश की उम्मीद जगी, लेकिन बादल बिना बरसे आगे बढ़ गए। कुछ स्थानों पर केवल हल्की फुहारें पड़ीं, जिससे खेतों और शहर दोनों को कोई खास राहत नहीं मिली। बारिश नहीं होने से उमस लगातार बढ़ती रही खेतों में बारिश का इंतजार कर रहे किसान भी मायूस नजर आए। कई किसानों ने वर्षा की उम्मीद में सिंचाई रोक रखी थी, लेकिन शाम तक बारिश नहीं होने पर उन्हें ट्यूबवेल चलाने की चिंता सताने लगी। दिनभर आसमान की ओर टिकी निगाहें आखिरकार निराशा में बदल गईं।

### पूर्वानुमान पर टिकी किसानों की उम्मीद

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को अगले दो दिनों के दौरान बारिश की संभावना जताई थी। इसी पूर्वानुमान के चलते किसानों को मंगलवार को अच्छी बारिश की उम्मीद थी, लेकिन अनुमान के अनुरूप वर्षा नहीं हुई। अब किसानों की नजर अगले एक-दो दिनों के मौसम पर टिकी है। उनका कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो खरीफ फसलों को नुकसान बढ़ सकता है। वहीं आम लोग भी उमस भरी गर्मी से राहत दिलाने वाली झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार को सुबह से ही मौसम ने कई बार करवट ली। कभी धूप निकली तो कुछ देर बाद आसमान पर घने बादल छा गए।

### जल निकासी के प्रबंध करें अधिकारीः डीसी

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति से बचने के लिए जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी के सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए और कहीं भी पानी जमा न होने दिया जाए। उपायुक्त ने शहर के कच्चा बेरी रोड, माल गोदाम रोड और छोटूराम चौक सहित अन्य जलभराव वाले स्थानों पर किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। चिन्हित स्थानों पर पंप सेट लगाने और आवश्यकतानुसार बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सभी ग्राम पंचायतों को ओवरफ्लो तालाबों से पानी की निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को गांवों में जल निकासी के कार्यों की निगरानी करने और समय पर उन्हें पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बारिश के दौरान गांवों और कृषि भूमि में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

## सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खिलाड़ियों ने खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

# जिला स्तरीय स्कूल खो-खो स्पर्धा में कलानौर लाखनमाजरा व रोहतक की टीमों का दबदबा

**प्राचार्य बोले, खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं**


रोहतक। खो-खो खिलाड़ियों के साथ प्राचार्य डॉ. रामकुमार सैनी व अन्य कोच। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला स्तरीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के रोहतक, महम, कलानौर, लाखनमाजरा और सांपला खंड की टीमों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

प्रतियोगिता प्रभारी सुशीला तथा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार सैनी ने बताया कि सभी मुकाबले खेल भावना और अनुशासन के साथ विद्यालय के खो-खो मैदान पर संपन्न हुए। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए पूरा दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के संयोजक एवं पीएमएस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महम के प्राचार्य राजेश नांदल ने बताया कि अंडर-14 बालिका वर्ग में कलानौर खंड ने प्रथम और लाखनमाजरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में लाखनमाजरा की टीम विजेता रही, जबकि कलानौर दूसरे स्थान पर रहा। वहीं अंडर-19 वर्ग में रोहतक खंड ने पहला और महम खंड ने दूसरा स्थान हासिल किया।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन में कृष्ण कुमार (डीपी), राखी (डीपी), संतोष (डीपी), सविता (पीटीआई), सुनील (पीटीआई), सुमन (डीपी), कोच वीरपाल हुड्डा, कोच रोहित और मोहित (डीपी) ने निर्णायक की भूमिका निभाई। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. रामकुमार सैनी ने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालयी खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों, टीम प्रभारियों, निर्णायकों और खिलाड़ियों का सफल आयोजन में सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया।

## जिला स्तरीय खेल स्पर्धा में महम और सांपला जोन के खिलाड़ी छाए


रोहतक। कबड्डी प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय खेल स्पर्धाओं का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। राजीव गांधी खेल परिसर में कबड्डी, वालीबॉल, बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, खो-खो सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जिले के पांचों खंडों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में वालीबॉल में महम और सॉफ्टबॉल में सांपला जोन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने भैयापुर लाढौत स्थित गुरुकुल में खेल स्पर्धाओं का शुभारंभ किया। वालीबॉल के अंडर-19 वर्ग में रोहतक और महम जोन के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें महम जोन की टीम ने रोहतक को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-17 वर्ग में भी महम की टीम विजेता रही। महम ने कलानौर जोन को शिकस्त दी। वहीं अंडर-14 वर्ग में महम ने रोहतक जोन को हराकर जीत दर्ज की। सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में सांपला जोन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। लड़कियों के अंडर-14 वर्ग में सांपला जोन ने रोहतक जोन को 9-4 के अंतर से हराकर पहला स्थान हासिल किया। अंडर-19 वर्ग में रोहतक जोन ने सांपला जोन को 6-4 के अंतर से पराजित किया। बेसबॉल स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग में सांपला जोन की टीम ने महम जोन को 8-3 के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। वहीं लड़कियों की अंडर-14 वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रोहतक जोन प्रथम और महम जोन द्वितीय रहा।

**अंडर -23 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट**

## रेवाड़ी ने महेंद्रगढ़ को 68 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम, लाहली (रोहतक) में खेले गए अंडर -23 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 के मुकाबले में रेवाड़ी ने महेंद्रगढ़ को वीजेडी मेथड से 68 रन से हरा दिया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रेवाड़ी की टीम ने 47.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 224 रन बनाए। टीम के लिए देव यादव ने शानदार 56 रन और मान सिंह यादव ने 40 रनों का योगदान दिया। महेंद्रगढ़ की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमन रे ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके।

जवाब में 181 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करने उतरी महेंद्रगढ़ की टीम 33.2 ओवर में मात्र 112 रन पर ही सिमट गई। टीनू गोयल ने सर्वाधिक 48 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज पिच पर टिक नहीं सके। रेवाड़ी की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए अमन कुमार ने 4 विकेट अपने नाम किए। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर रेवाड़ी ने मैच में बड़ी जीत दर्ज की।

### गुड़गांव ने रोमांचक मुकाबले में नूंह को 5 विकेट से हराया

**लाहली :** चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड बी) में खेले गए अंडर -23 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट 2026-27 के एक रोमांचक मैच में गुड़गांव की टीम ने नूंह को वीजेडी पद्धति के आधार पर 5 विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नूंह की पूरी टीम 48.2 ओवरों में 183 रनों पर सिमट गई। नूंह की ओर से मोहम्मद सुहैल ने सर्वाधिक 45 रन और मोइन खान ने 26 रनों का योगदान दिया। गुड़गांव के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सौरभ यादव ने 3 और यश कटारिया, यश सिंह व जय कटारिया ने 2-2 विकेट झटके। जवाबी पारी में खेलने उतरी गुड़गांव की टीम ने विहोर गौर के शानदार 50 रन और मोक्ष मुद्गिल के 41 रनों की बदौलत 32.5 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। नूंह की तरफ से गेंदबाजी में इंजमामुल हक ने सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

## ब्रिगेडियर रामनरेश ने किया बाबा मस्तनाथ विवि का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राम नरेश का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान करते कुलपति प्रो. (डॉ.) बीएम यादव एवं कुलसचिव प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार। फोटो : हरिभूमि

रोहतक एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रामनरेश ने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय का औपचारिक दौरा किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) बीएम यादव एवं कुलसचिव प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार से शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय में संचालित एनसीसी गतिविधियों तथा उनके भविष्य के विस्तार को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

बैठक के दौरान विश्वविद्यालय में एनसीसी की गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने, कैडेट्स के प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने, नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्रसेवा तथा आगामी प्रशिक्षण शिविरों एवं विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही विश्वविद्यालय एवं एनसीसी के बीच समन्वय को और मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को एनसीसी से जोड़ने के उपायों पर भी विचार किया गया।

कुलपति प्रो. (डॉ.) बीएम यादव ने कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सेवा-भाव एवं राष्ट्रभक्ति का संस्कार विकसित करने का सशक्त माध्यम है। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति भी जागरूक बनाना है। कुलपति एवं कुलसचिव ने ब्रिगेडियर राम नरेश का स्मृति-चिह्न भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया तथा उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई के अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ.) अनिल डूडी भी उपस्थित रहे।

### सुपवा के छात्र देवांश को पीआईबी में मिली नियुक्ति

**रोहतक।** दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) से इसी वर्ष पोस्ट ग्रेजुएशन पूर्ण करने वाले छात्र को प्रेस इंफोर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) में नियुक्ति मिली है। वे पीआईबी में बतौर ग्राफिक्स डिजाइनर



सेवाएं देंगे। यूनिवर्सिटी से पढ़ाई पूरी करते ही नियुक्ति मिलने पर छात्र ने सुपवा परिवार का आभार जताया। फैकेल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स के एफसी विनय कुमार ने बताया कि छात्र देवांश ने शैक्षणिक सत्र 2024-26 में सुपवा में पोस्ट ग्रेजुएशन करने के लिए दाखिला लिया। देवांश मूल रूप से सोनीपत निवासी है, जिसने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से फाइन आर्ट्स में ग्रेजुएशन पूरी की। साल 2024 में सुपवा में दाखिला लेते हुए इसी साल अप्लाइड आर्ट्स में पोस्ट ग्रेजुएशन की। देवांश की गिनती उसके बैच के होनदार छात्रों में होती थी। पीआईबी में नियुक्ति होने पर उसने दिल्ली स्थित नेशनल मीडिया सेंटर को ज्वाइन कर लिया है। यहां वह भारत सरकार के प्रचार-प्रसार के लिए ग्राफिक्स तैयार करने वाली टीम में बतौर डिजाइनर सेवाएं देगा। छात्र देवांश की नियुक्ति पर कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने कहा कि सुपवा से पासआउट होते ही किसी भी छात्र को प्रतिष्ठित जॉब ऑफर होना यूनिवर्सिटी के लिए गर्व की बात है।

### चौबीसी चबूतरे पर हुए फैसलों के संबंध में जल्द सीएम से मुलाकात करेगी कमेटी

**महम।** गन कल्चर, अश्लीलता, फूहड़ता, जुआ, सट्टा और नशे के खिलाफ गत 25 जुलाई को महम चौबीसी के ऐतिहासिक चबूतरे पर सर्वखाप महापंचायत का आयोजन किया गया था। महांचायत में कई बड़े और कड़े फैसले समाजहित में लिए गए थे। इस दौरान एक कमेटी गठित की गई थी। महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत के प्रवक्ता कृष्ण बड़ाली ने बताया कि जल्द महापंचायत में गठित कमेटी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर तमाम मुद्दों पर बातचीत करेगी। प्रशासन से सम्बंधित मुद्दों पर प्रशासनिक अधिकारियों से बात की जाएगी। महम में चौबीसी चबूतरे पर हुई महापंचायत में निर्णय लिया गया था कि जो भी कलाकार या सोशल मीडिया इन्फलुएंसर गन कल्चर और अश्लीलता को बढावा देंगे उनका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। अब खाप चाहती हैं कि इस संबंध में कोई ऐसा सख्त कानून भी बनना चाहिए, जिसके तहत ऐसे लोग पर कानूनी सिकंजा कसा जा सके।

### एमडीयू के जगदीश दहिया एक्सईएन से सुप्रिटेंडेंट इंजीनियर पदोन्नत हुए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में मंगलवार को हुई डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी (डीपीसी) की बैठक में कर्मचारियों से जुड़े 97 लंबित मामलों का निपटारा किया गया। बैठक में विभिन्न कर्मचारियों की पदोन्नति, एट पार और एसीपी से संबंधित मामलों को मंजूरी दी गई। डीपीसी के निर्णयों के बाद गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ ने



कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां से मुलाकात कर कर्मचारियों के हित में लिए गए निर्णयों के लिए आभार जताया। डीपीसी की बैठक में एक्सईएन जगदीश दहिया को सुप्रिटेंडेंट इंजीनियर के पद पर पदोन्नति दी गई। इसके अलावा राजेश गुलिया को एसडीओ से एक्सईएन के पद पर पदोन्नत किया गया। विधि विभाग के जितेंद्र परमार को डिप्टी सुपरिटेंडेंट से सुपरिटेंडेंट बनाया गया है। फार्मेसी विभाग के राजबीर सिंह को सहायक से डिप्टी सुपरिटेंडेंट के पद पर पदोन्नति मिली है। रिजल्ट ब्रांच-4 के रामपाल और म्यूजिक विभाग के राम कुमार को क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नति दी गई। बैठक में कुल 97 मामलों का निपटारा किया गया, जिनमें 50 एट पार, 40 एसीपी और 7 पदोन्नति के मामले शामिल हैं। इस मौके पर गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेश कौशिक ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए लंबे समय से लंबित मामलों का समाधान किया है। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है और उनमें खुशी का माहौल है।

### मदीना गिंधराण में लाखों रुपये के गहने व नकदी चोरी

**महम।** बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र के गांव मदीना गिंधराण में एक मकान से लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी की वारदात सामने आई है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में मदीना गिंधराण गांव निवासी साहिल पुत्र इंद्र ने बताया कि 28 जुलाई को सुबह चार बजे उसके घर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी की है। चोर उनके घर से एक ओपो का मोबाइल फोन, एक चेन, एक जोड़ी चुटकी, दो मंगलसूत्र, 2 अंगूठी व दस हजार रुपए की नकदी चुरा ले गया। चोर का पता लगाकर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिए समन (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय परिवार न्यायालय कोर्ट नं. 3 महोदय, मुजफ्फरनगर।**
वाद संख्या— सन् 2026
श्रीमति आरती पुत्री बाबूराम, निवासी ग्राम चन्देनाकोली, मकान नं0 588, थाना देवबन्द, जिला सहारनपुर, हाल निवासी मौहल्ला अग्रसैन विहार, थाना नई मण्डी, जिला मुजफ्फरनगर।
....प्रार्थीया/वादीया
बनाम
विकास पुत्र जयभगवान, निवासी ग्राम खरक जाटान, थाना लाखन माजरा, जिला रोहतक, हरियाणा। ....... विपक्षी
धारा—13 (1) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955
थाना—नई मण्डी, जिला मु०नगर।
आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरूद्ध वास्ते धारा 13 (1) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 का उपरोक्त वाद न्यायालय मे योजित किया हुआ है। आपको इस न्यायालय मे उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपसंजात उपस्थित होने के लिए दिनांक 05.08.2026 को दिन मे 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय मे आपकी उपस्थिति के लिए जो उक्त तिथि नियत की गयी है, वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिए भी नियत है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय मे उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात, उपस्थित नही होंगे तो उस दशा मे उक्त वाद का निस्तारण आप की अनुपस्थिति मे गुण दोष पर किया जायेगा।
आज दिनांक 25 माह जुलाई सन् 2026 को यह सम्मन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत् न्यायालय द्वारा जारी किया गया।
आज्ञा से, मुन्सरिम/न्यायाधीश
परिवार न्यायालय, कोर्ट नं. 3, मुजफ्फरनगर

**नमन** | **महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस स्मृति नमन कार्यक्रम**

# कारगिल के वीरों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : प्रो. मिलाप पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व मौजूद सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, एनसीसी कैडेट व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

कारगिल युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों के जांबाज सैनिकों के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस स्मृति नमन कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र कल्याण कार्यालय और जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सामरिक विषयों के विशेषज्ञ कैप्टन (डॉ.) आलोक बंसल मुख्य वक्ता, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रोहतक के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राम नरेश मुख्य अतिथि तथा पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने की।

मुख्य वक्ता कैप्टन (डॉ.) आलोक बंसल ने कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय सेना के शौर्य, रणनीति और अदम्य साहस का प्रतीक है। दुर्गम पहाड़ियों में लड़े गए इस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने असाधारण वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन को करारा जवाब दिया। विशिष्ट अतिथि मनीष ग्रोवर ने कहा कि कारगिल विजय दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर राम नरेश ने कहा कि केवल सीमा पर लड़ने वाले सैनिक ही नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में कार्य करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी की प्रसिद्ध कविता पुष्प की अभिलाषा का पाठ कर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि युवा पीढ़ी को कारगिल के वीरों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कुलपति ने विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के पूर्व छात्र शहीद कैप्टन कुलदीप राठी तथा अपने मामा कर्नल जय प्रकाश जानू के बलिदान का स्मरण करते हुए युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सपना गर्ग के स्वागत भाषण से हुई, जबकि कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन डॉ. रवि प्रभात ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी कर्नल आरएस सुहाग, समाजसेवी सुभाष आहूजा, प्रो. राजेश पूनिया, डॉ. प्रताप राठी, डॉ. आरती, डॉ. विकास सिंधु, डॉ. विवेक बालियान, कर्नल सुखबिंदर सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, एनसीसी कैडेट और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- Computer Operator 2
- PRO 4
- Nursing Staff 4
- Ward Boy 4
- Gate Keeper 4

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel.:- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## न्यूज डायरी



### विचार अभिव्यक्ति स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**रोहतक।** श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक चिंतन, प्रभावी संवाद कौशल तथा नैतिक मूल्यों का विकास करना था। प्रतियोगिता में खुशी एवं हितांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि माही, आयुष एवं राधिका द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यालय के निर्देशक पीएन मुज्जु ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राचार्या कमला गिल ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में विशिष्ट प्रतिभा होती है, जिसे उचित मंच प्रदान करना विद्यालय का दायित्व है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण मिस बबीता, रेखा, सोनिया, स्नेहा, अंशु उपस्थित रहे तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

### यजुर्वेद के 33वें अध्याय के साथ आहुतियां प्रदान की

**रोहतक।** आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय यजुर्वेद पारायण यज्ञ के तीसरे दिन यजुर्वेद के 33वें अध्याय के साथ आहुतियां प्रदान की गईं। यज्ञ के ब्रह्मा मुनि सत्यजित एवं पुरोहित आचार्य शक्तिदेव रहे। विश्ववारा कन्या गुरुकुल रुड़की की ब्रह्मचारिणियों ने सस्वर मनोहारी वेद पाठ किया। आश्रम के मंत्री जितेंद्र मेहता ने मंच संचालन किया। उन्होंने बताया कि यज्ञ की पूर्णाहुति बुधवार 29 जुलाई को भव्य रुप से होगी। उपप्रधान केशव आर्य, ट्रस्टी संदीप काहनी, कोषाध्यक्ष यशपाल भाटिया, अंकुर अरोड़ा, धर्मदेव आदि उपस्थित रहे।



### राजकीय विद्यालय आवल में फ्रेंच भाषा शिक्षा का शुभारंभ

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आवल में विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से फ्रेंच भाषा शिक्षा का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल, क्लस्टर हेड पूनम तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार ने किया।



### करियर और रोजगार योजनाओं की दी जानकारी

**रोहतक।** मंडल रोजगार कार्यालय की ओर से 20 से 24 जुलाई तक आयोजित व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के दौरान जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में संगोष्ठियां आयोजित कर विद्यार्थियों को करियर चयन, कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा तथा रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। मंडल रोजगार अधिकारी सोनम गोयल ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलियाना, खेड़ी साध, खरावड़, गांधरा, अटायल और चुलियाणा के अलावा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरावड़ और गांधरा में मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए।



### 151 पौधे लगाकर दिया हरित संदेश

**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजीव नगर पार्ट-2, सेक्टर-7 स्थित हरित पट्टी में पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। जन कल्याण पौधरोपण धर्मार्थ ट्रस्ट, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि रोहतक एवं एलपीएस बॉसार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 151 पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जन कल्याण पौधरोपण धर्मार्थ ट्रस्ट के संस्थापक शिवजी, लैंडस्टर रियल स्टेट से अशोक कुमार, रोहित दहिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक एवं ट्रस्ट के महामंत्री राजबीर सिंह दहिया ने कहा कि पौधरोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण देने का संकल्प है।



### हुकटा ने समिति को दिए सुझाव

**रोहतक।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) ने हरियाणा राज्य विश्वविद्यालय अनुबंधित लेक्चरर्स (सेवा सुरक्षा) विधेयक-2026 के प्रस्तावित मसौदे में संशोधन और सुधार के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति को महत्वपूर्ण सुझाव सौंपे। इस संबंध में हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने समिति के चेयरमैन एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां तथा समिति के सदस्य एवं कुलसचिव डॉ. संदीप बंसल से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। वहीं समिति के अन्य सदस्यों गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजय अरोड़ा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार को भी ई-मेल के माध्यम से सुझाव भेजे गए।



### एमए राजनीति विज्ञान में सीटें बढ़ाने की मांग

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में एमए राजनीति विज्ञान विभाग की सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर मंगलवार को छात्र नेता दिनेश कांगड़ा के नेतृत्व में विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थियों ने कहा कि विभाग में हर वर्ष बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं, लेकिन सीटें सीमित होने के कारण अनेक योग्य अभ्यर्थियों को दाखिला नहीं मिल पाता। ऐसे में सीटों की संख्या बढ़ाना समय की जरूरत है। ज्ञापन में विद्यार्थियों ने बताया कि राजनीति विज्ञान विभाग विश्वविद्यालय के प्रमुख विभागों में शामिल है और यहां अध्ययन करने के लिए हर साल बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। इससे न केवल छात्रों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित होता है, बल्कि उनमें निराशा भी बढ़ती है। छात्र नेता दिनेश कांगड़ा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए एमए राजनीति विज्ञान विभाग में सीटों की संख्या बढ़ानी चाहिए।



### झुग्गी बस्तियों तक पहुंचेगी विहिप की संस्कार शालाएं

**रोहतक।** बदलते सामाजिक परिवेश और आधुनिक जीवनशैली के बीच बच्चों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं धार्मिक चेतना का विकास करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दू परिषद द्वारा रोहतक के विभिन्न क्षेत्रों में संस्कार शालाओं का संचालन किया जा रहा है। इन शालाओं में बच्चों को भारतीय संस्कृति, सनातन जीवन मूल्यों और राष्ट्रभक्ति की शिक्षा दी जा रही है। विश्व हिन्दू परिषद के जिला सेवा प्रमुख सतीश वर्मा ने बताया कि संगठन का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कारवान, चरित्रवान और राष्ट्रनिष्ठ नागरिक बनाना है। बाल्यकाल में दिए गए संस्कार व्यक्ति के पूरे जीवन की दिशा तय करते हैं। संस्कार शालाओं में बच्चों को प्रार्थना, भजन, देशभक्ति गीत, श्लोक, महापुरुषों के प्रेरक प्रसंग, योग, खेलकूद तथा नैतिक शिक्षा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है।

# झज्जर रोड पानी की डिग्गी में मिले तीन मरे हुए कुत्ते और गंदगी, दो फिल्टर व मोटर भी खराब

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुलदीप बोले, जनता के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

- अधिकारियों के फोन नहीं उठाने पर जताई नाराजगी
- सात दिन में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

झज्जर रोड स्थित पानी की डिग्गी में तीन मरे हुए कुत्ते मिलने और भारी गंदगी से पेयजल व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। डिग्गी के दो फिल्टर और मोटर भी खराब पड़े हैं, जिससे पानी की सप्लाई प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। कांग्रेस जिला



रोहतक। झज्जर रोड स्थित पानी की डिग्गी का निरीक्षण करते कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुलदीप केडी व अन्य नेतागण। फोटो : हरिभूमि

अध्यक्ष कुलदीप केडी, सुनील उर्फ बल्ली, बलजीत राणा, विकास गोयल, अनिल सैनी, राजबीर बैरागी एवं अन्य साथियों ने झज्जर रोड स्थित पानी की डिग्गी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड-22 के सामाजिक कार्यकर्ता रोहित राठी और अमित बुधवार भी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने मौके से कई बार संबंधित एसडीओ और जेई को फोन किया, लेकिन किसी भी अधिकारी ने फोन उठाना उचित नहीं समझा। निरीक्षण में पाया गया कि पानी की डिग्गी में भारी मात्रा में गंदगी और गाद जमा हुई है। सबसे गंभीर बात यह रही कि डिग्गी से तीन मरे हुए कुत्ते निकाले गए, जो जनमानस के स्वास्थ्य के लिए बेहद गंभीर और चिंताजनक है। साथ ही डिग्गी के तीन फिल्टरों में से दो फिल्टर खराब मिले तथा मोटर भी खराब पाई गई।

### चार वर्ष से डिग्गी की सफाई नहीं हुई

स्थानीय लोगों के अनुसार कम से कम चार वर्षों से इस डिग्गी की सफाई या निरीक्षण तक नहीं किया गया। जिला अध्यक्ष कुलदीप केडी ने बताया कि उन्हें क्षेत्र में पानी की गंभीर समस्या और झज्जर रोड स्थित पानी की डिग्गी की बदहाल स्थिति की सूचना मिली, जिसके बाद वे अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा फोन तक न उठाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वार्ड-22 के सामाजिक कार्यकर्ता रोहित राठी ने कहा कि उन्होंने अमित के साथ इस समस्या की शिकायत समाधान शिविर में भी दर्ज कराई थी, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

### क्षेत्र में लंबे समय से गंदा पानी आ रहा

अमित ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से बेहद गंदा पानी आ रहा है, जो पीने योग्य नहीं है। अनिल सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। केडी ने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि सात दिनों के भीतर पानी की डिग्गी की संपूर्ण सफाई, खराब फिल्टरों और मोटर की मरम्मत तथा पेयजल व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो रोहतक की जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए बहुत बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा।

## कार से 465 ग्राम अफीम बरामद, दो नशा तस्कर पकड़े

- पुलिस सप्लाई नेटवर्क और अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी

रोहतक। पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कार में सवार दो युवकों को 465 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई है। सहायक उपनिरीक्षक विकास के नेतृत्व में अपराध शाखा-1 की टीम खरावड़ चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मस्तनाथ नगर निवासी अजय और राजस्थान के जोधपुर निवासी वीरेंद्र नशीले पदार्थ की तस्करी करते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए कारौर रोड स्थित कायनोस अस्पताल के निकट दोनों संदिग्धों को कार सहित काबू कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान अजय पुत्र रामफल निवासी मस्तनाथ नगर, रोहतक तथा वीरेंद्र पुत्र लक्ष्मीलाल निवासी जोधपुर, राजस्थान के रूप में हुई। तलाशी लेने पर कार में रखे एक बैग से 465 ग्राम अफीम बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बरामद अफीम कहां से लाई गई थी और इसे किसे सप्लाई किया जाना था। साथ ही मामले से जुड़े अन्य की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# चोरी की गाड़ी, सोशल मीडिया पर बिक्री

## 07 माह में 322 ऑनलाइन डील ट्रैक पुलिस ने तोड़ा गैंग का डिजिटल नेटवर्क

- फेसबुक से टेलीग्राम तक बिछा था जाल, सस्ते सौदों के लालच में फंस रहे थे खरीदार, साइबर ट्रैकिंग से बेनकाब हुए आरोपी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अलग खबर

एक समय वाहन चोरी के बाद उन्हें कबाड़ी या दूसरे राज्यों में खपाने वाले गिरोह अब डिजिटल हो चुके हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त का नया बाजार बन गए हैं। आकर्षक फोटो, बेहद कम कीमत और फर्जी दस्तावेजों के सहारे चोरी के वाहन बेचने का धंधा तेजी से फैल रहा है। हालांकि, पुलिस और साइबर सेल ने भी अपनी रणनीति बदलते हुए डिजिटल निगरानी बढ़ा दी है। पिछले सात महीनों के दौरान सोशल मीडिया पर चोरी के वाहन बेचने से जुड़े करीब 322 ऑनलाइन सौदों (डील) को ट्रैक कर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही है। इस कार्रवाई में कई गिरोहों का खुलासा हुआ है और अनेक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### सोशल मीडिया नया बाजार

वाहन चोरी के बाद आरोपी उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालकर कम कीमत का लालच देते हैं। खरीदारों को फर्जी दस्तावेज दिखाकर ऑनलाइन सौदा तय किया जाता है।



फोटो : एआई जनरेटेड

### वाहन खरीदने से पहले दस्तावेजों की जांच कराएं



पुलिस ने लोगों से सोशल मीडिया पर बेहद सस्ते दाम में वाहन बेचने वाले विज्ञापनों से सतर्क रहने की अपील की है। वाहन खरीदने से पहले सभी दस्तावेजों की जांच कराएं, इंजन और चेसिस नंबर का मिलान करें और वाहन का रिकॉर्ड संबंधित विभाग से सत्यापित करें। यदि किसी ऑनलाइन डील पर संदेह हो तो तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर सेल को सूचना दें। पुलिस का कहना है कि केवल अधिकृत और सत्यापित माध्यमों से ही वाहन खरीदना सुरक्षित है।

-गौरव राजपुरोहित, एसपी रोहतक

### तकनीकी जांच से मिली सफलता

डील ट्रैकपुलिस और साइबर सेल ने फेसबुक, इंस्टाग्राम व टेलीग्राम समेत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चोरी के वाहनों से जुड़ी 322 संदिग्ध डील ट्रैक कीं। तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की गई और कई चोरी के वाहन बरामद किए गए।

### टेलीग्राम पर सीक्रेट ग्रुप में होते थे सौदे

पुलिस के अनुसार कई आरोपी खुले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बजाय टेलीग्राम के प्राइवेट ग्रुप और एनक्रिप्टेड चैट का इस्तेमाल करते थे। यहां वाहन की फोटो, कीमत और लोकेशन साझा कर सीमित लोगों के बीच सौदे तय किए जाते थे। एनक्रिप्टेड चैट के कारण आरोपी खुद को सुरक्षित समझते थे, लेकिन साइबर जांच के जरिए पुलिस ने उनके नेटवर्क तक पहुंच बना ली।

### खरीदार भी हो सकते हैं कानून के दायरे में

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति चोरी का वाहन खरीदता है, तो वह भी कानूनी कार्रवाई का सामना कर सकता है। इसलिए किसी भी वाहन को खरीदने से पहले उसकी आरसी, इंजन नंबर, चेसिस नंबर और अन्य दस्तावेजों का अच्छी तरह सत्यापन करना जरूरी है। केवल कम कीमत देखकर वाहन खरीदना भविष्य में बड़ी कानूनी परेशानी का कारण बन सकता है।

### फर्जी आरसी और नकली नंबर प्लेट से देते थे झांसा

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी चोरी के वाहनों के लिए फर्जी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी), नकली नंबर प्लेट, फर्जी बीमा दस्तावेज और अन्य कागजात तैयार कर खरीदारों को गुमराह करते थे। कई मामलों में वाहन का इंजन और चेसिस नंबर तक बदलने या उसमें छेड़छाड़ करने की कोशिश की गई, ताकि वाहन की असली पहचान छिपाई जा सके।

### ऑनलाइन भुगतान, चैट रिकॉर्ड और डिजिटल लोकेशन से मिली मदद

साइबर सेल ने संदिग्ध सोशल मीडिया प्रोफाइल, मोबाइल नंबर, आईपी एड्रेस, बैंक खातों और डिजिटल लेनदेन का तकनीकी विश्लेषण किया। इसी आधार पर विभिन्न गिरोहों के बीच आपसी कनेक्शन का पता चला। कई मामलों में ऑनलाइन भुगतान, चैट रिकॉर्ड और डिजिटल लोकेशन आरोपियों तक पहुंचने का सबसे बड़ा माध्यम बने। पुलिस का कहना है कि आधुनिक तकनीक अपराधियों के लिए जितनी सुविधाजनक बनी है, उतनी ही जांच एजेंसियों के लिए भी प्रभावी साबित हो रही है।

# न मोबाइल, न इंटरनेट फिर भी खुशियों से भरा था बचपन



## याद बहुत आते हैं वो दिन...

### सादगी और रिश्तों की गर्माहट आज भी है याद

जब मैं अपने बचपन की यादों में लौटता हूं, तो ऐसा लगता है जैसे जिंदगी का सबसे सुंदर अध्याय फिर से आंखों के सामने जीवंत हो उठा हो। उस समय न मोबाइल फोन थे, न इंटरनेट और न ही वीडियो गेम। हमारी खुशियां घर के आंगन, गांव की गलियों और खेतों की पगडंडियों में बसती थीं। बचपन में सुबह जल्दी उठना, दोस्तों के साथ गिल्ली-डंडा, कबड्डी, खो-खो, कंचे और लट्टू खेलना मेरी दिनचर्या का हिस्सा था। खेल खत्म होने का पता तब चलता था, जब मां की आवाज घर लौटने के लिए कानों में पड़ती थी। उन दिनों छोटी-छोटी बातों में भी बड़ी खुशियां मिल जाती थीं। मैं संयुक्त परिवार में पला-बढ़ा, जहां दादा-दादी का स्नेह और बड़ों के संस्कार जीवन की सबसे बड़ी पूंजी थे। उनके अनुभव और सीख ने मुझे ईमानदारी, मेहनत और दूसरों का सम्मान करना सिखाया। पढ़ाई के लिए कई बार पैदल स्कूल जाना पड़ता था, लेकिन सीखने का उत्साह हमेशा बना रहता था। खाली समय में परिवार के साथ खेतों और पशुओं के काम में भी हाथ बंटाता था।



### साधन कम थे, लेकिन रिश्तों में अपनापन था



सूबेदार शमशेर सिंह

गांव के मेले, त्योहार, लोकगीत और दादी की कहानियां मेरे बचपन की सबसे अनमोल यादें हैं। प्रकृति के बीच खुलकर जीने का जो आनंद उस समय मिला, वह आज भी मन को सुकून देता है। उस दौर में साधन कम थे, लेकिन रिश्तों में अपनापन, दिलों में प्रेम और जीवन में संतोष भरपूर था। आज जब समय बदल गया है और तकनीक ने जीवन को आसान बना दिया है, तब भी मुझे अपने बचपन की सादगी, अपनापन और बेफिक्र मुस्कान सबसे ज्यादा याद आती है। मेरा बचपन की असली खुशियां साधनों में नहीं, बल्कि परिवार, संस्कार और अपनों के साथ बिताए गए खूबसूरत पलों में होती हैं।

### मिट्टी की खुशबू, खेलों की मस्ती आज भी दिल में जिंदा



मेरा नाम धर्मबीर राठी है। मेरे लिए बचपन सिर्फ बीता हुआ समय नहीं, बल्कि जिंदगी की सबसे खूबसूरत याद है। आज भी आंखें बंद करता हूं तो गांव की गलियां, मिट्टी की सौंधी खुशबू और दोस्तों के साथ खेली गई कबड्डी, गिल्ली-डंडा, खो-खो और कंचों की बाजियां याद आ जाती हैं। उस समय न मोबाइल था, न इंटरनेट और न ही किसी तरह की भागदौड़। छोटी-छोटी खुशियां ही हमारी सबसे बड़ी दौलत थीं। मैं संयुक्त परिवार में पला-बढ़ा, जहां दादा-दादी का स्नेह और बड़ों के संस्कार जीवन की सबसे बड़ी सीख थे। स्कूल जाने के लिए पैदल चलना पड़ता था और लौटकर खेतों व घर के काम में हाथ बंटाना भी दिनचर्या का हिस्सा था। गांव के मेले, त्योहार और रात को दादी की सुनाई कहानियां आज भी मन को सुकून देती हैं। सुविधाएं भले कम थीं, लेकिन रिश्तों में अपनापन, दिलों में प्यार और जीवन में संतोष भरपूर था। सच कहूं तो वही बेफिक्र बचपन आज भी मेरी सबसे अनमोल पूंजी है।

### सादगी और बेफिक्री मेरे जीवन की सबसे बड़ी दौलत



मेरा नाम रामकिशन दहिया है। जब मैं अपने बचपन के बारे में सोचता हूं तो मन अनायास ही उन सुनहरे दिनों में खो जाता है। हमारा बचपन आज की तरह सुविधाओं से भरा नहीं था, लेकिन खुशियों से जरूर भरपूर था। दिनभर दोस्तों के साथ गांव की गलियों में दौड़ना, कबड्डी, गिल्ली-डंडा, कंचे और खो-खो खेलना ही सबसे बड़ा मनोरंजन होता था। समय का पता ही नहीं चलता था। मैं संयुक्त परिवार में पला-बढ़ा, जहां बड़ों का सम्मान, प्यार और संस्कार हर दिन नई सीख देते थे। पढ़ाई के साथ परिवार की जिम्मेदारियां निभाना और खेत-खलिहानों में हाथ बंटाना भी जीवन का हिस्सा था। गांव के मेले, त्योहार और रात को बुजुर्गों से सुनी कहानियां आज भी यादों में बसी हैं। उस दौर में साधन कम थे, लेकिन दिलों में अपनापन, रिश्तों में मिठास और जीवन में संतोष था। आज भी मुझे लगता है कि वही सादगी और बेफिक्री मेरे जीवन की सबसे बड़ी दौलत है।

## स्कूल गई किशोरी और एक्टिवा लेकर निकला युवक लापता, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

रोहतक। शहर थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 15 वर्षीय किशोरी और 21 वर्षीय युवक के लापता होने की शिकायत पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजय कॉलोनी निवासी आशा ने बताया कि उनकी बेटी सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन न तो स्कूल पहुंची और न ही शाम तक वापस लौटी। परिजनों ने तलाश के बाद पुलिस को सूचना दी। वहीं, जींद बाईपास निवासी कमलेश ने बताया कि उनका बेटा राहुल 23 जुलाई की शाम एक्टिवा लेकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है और लापता लोगों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में सूचना भेजी गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## 31 जुलाई तक संपत्तिकर पर 10% छूट 31 अगस्त तक 75% ब्याज माफी का लाभ

रोहतक। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने शहर के संपत्ति स्वामियों से हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही विशेष कर राहत योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 के संपत्तिकर का भुगतान 31 जुलाई 2026 तक करने पर करदाताओं को 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है। इससे नागरिक समय पर कर जमा कर आर्थिक बचत भी कर सकते हैं। आयुक्त ने बताया कि सरकार ने लंबे समय से लंबित संपत्तिकर बकाया मामलों के समाधान के लिए भी विशेष राहत दी है। इसके तहत वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के लंबित संपत्तिकर पर 75 प्रतिशत ब्याज माफी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह योजना 31 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगी। यह लाभ केवल उन्हीं संपत्तिधारकों को मिलेगा जो 'संपत्तिकर का बकाया भुगतान एवं बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन प्रणाली पोर्टल' पर अपनी संपत्ति का सेल्फ सर्टिफिकेशन करेंगे तथा निर्धारण वर्ष 2026-27 तक के समस्त बकाया संपत्तिकर का भुगतान करेंगे। निगम कार्यालय के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यमों से भी संपत्तिकर जमा करने की सुविधा उपलब्ध है। इससे नागरिक घर बैठे सुरक्षित, पारदर्शी और सरल तरीके से अपना कर जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए जल्द से जल्द अपना बकाया संपत्तिकर जमा कराने की अपील की।



नगर आयुक्त सत्येन्द्र दुहन

## परिवार सोता रहा और चोर 3 मोबाइल नकदी और चांदी की अंगूठियां ले उड़े

- सलारा मोहल्ला में रात के समय वारदात

रोहतक। सलारा मोहल्ला में चोरों ने रात के समय एक घर को निशाना बनाते हुए सो रहे परिवार के कमरे से तीन मोबाइल फोन, 35 हजार रुपये की नकदी और चांदी की दो अंगूठियां चोरी कर लीं। घटना का पता सुबह जागने पर चला। पीड़ित की शिकायत पर पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सलारा मोहल्ला निवासी अभिमन्यु पुत्र जगबीर ने बताया कि 26/27 जुलाई की रात वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ कमरे में सो रहा था। गर्मी के कारण कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। सुबह उठकर देखा तो बैड पर रखे तीनों मोबाइल फोन गायब थे। इसके बाद अलमारी की जांच करने पर उसमें रखे 35 हजार रुपये नकद और चांदी की दो अंगूठियां भी नहीं मिलीं। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर चोरी हुए सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगने पर मंगलवार को थाना पहुंचकर शिकायत दी। शिकायत के साथ चोरी हुए मोबाइल फोन के बिल भी पुलिस को सौंप दिए गए। शिकायत के आधार पर पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## डिस्पेंसरी की छत गिरने पर सिविल सर्जन से शिकायत करेगी आरडब्ल्यूए

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया डिस्पेंसरी का दौरा

रोहतक। सेक्टर-14 स्थित सरकारी डिस्पेंसरी की छत गिरने की घटना ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रविवार को अवकाश होने के कारण डिस्पेंसरी बंद थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यदि यह हादसा कार्यदिवस पर होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद सेक्टर-14 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने सिविल सर्जन से शिकायत करने का निर्णय लिया है। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी डिस्पेंसरी का निरीक्षण किया।जानकारी के अनुसार, डिस्पेंसरी प्रभारी लंबे समय से भवन की जर्जर स्थिति को लेकर उच्च अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराते रहे थे। उन्होंने समय रहते मरम्मत कराने और संभावित हादसे की आशंका भी जताई थी, लेकिन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। आरडब्ल्यूए ने भी कई बार अधिकारियों के समक्ष भवन की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाकर मरम्मत और सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की थी।हादसे के बाद आरडब्ल्यूए ने भवन की तकनीकी जांच कराने, तत्काल मरम्मत या नया भवन बनाने की मांग की है। आरडब्ल्यूए के प्रधान सुनेहरा काजल और महासचिव वीरेंद्र आर्य ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो सिविल सर्जन से औपचारिक शिकायत कर आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

## निगम के अधिकारी बोले स्वास्थ्य विभाग के आदेश पर होती है फॉगिंग

*स्वास्थ्य विभाग ने जांच अभियान तेज किया*

# डेंगू की दस्तक के बाद भी 22 वार्डों में फॉगिंग का इंतजार, जलभराव से मच्छरों का बढ़ा प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डेंगू ने भले ही शहर में दस्तक दे दी है, लेकिन शहर के 22 वार्ड अब भी फॉगिंग का इंतजार कर रहा है। बरसात के बाद जगह-जगह जमा पानी मच्छरों के लिए मुफीद माहौल बना रहा है और रोहतक में डेंगू का पहला मामला सामने आने के बावजूद नगर निगम की ओर से अभी तक सभी वार्डों में फॉगिंग अभियान शुरू नहीं हो सका है। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग लगातार सर्विलांस और जांच अभियान चलाकर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। हालांकि कई पार्षद निगम से फोगिंग शुरू करवाने की मांग कर चुके हैं। जुलाई में थम थम कर हो रही बरसात के मौसम के साथ डेंगू का खतरा भी बढ़ने लगा है। शहर के



उत्तम विहार क्षेत्र में डेंगू का पहला मामला मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है, लेकिन नगर निगम की ओर से अभी तक सभी वार्डों में व्यापक स्तर पर फॉगिंग नहीं करवाई गई है। शहर के अधिकतर हिस्सो से लोग लंबे समय से फोगिंग की मांग कर रहे हैं।

### रोजाना हो रही जांच, 40 टीमें निगरानी में जुटीं

स्वास्थ्य विभाग अब तक 1711 सैंपलों की जांच कर चुका है, जिनमें एक डेंगू मरीज की पुष्टि हुई है। विभाग ने 40 डीबीसी टीमों को तैनात किया है, जो घर-घर जाकर लार्वा जांच कर लोगों को प्रति जागरूक कर रही हैं। निजी अस्पतालों में भी डेंगू जैसे लक्षण वाले मरीज पहुंच रहे हैं।

### ईमेल मिलने पर होगी फॉगिंग

नगर निगम के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग से संक्रमण की सूचना या ईमेल मिलने पर प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर फॉगिंग कराई जाती है। साथ ही अन्य संवेदनशील इलाकों की भी पहचान की जा रही है।

### खाली प्लाटों में जमा पानी बढ़ा रहा समस्या

लोगों का कहना है कि केवल जागरूकता अभियान से काम नहीं चलेगा। मच्छरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभी वार्डों में नियमित फोगिंग और एंटी-लार्वा अभियान चलाना जरूरी है। कई इलाकों में नालियों और खाली प्लॉटों में पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। समय रहते फॉगिंग नहीं करवाई गई तो डेंगू के मामलों में बढ़ सकते हैं।

### अभी ज्यादा मामले नहीं

शहर में निगम और गांव में पंचायत की तरफ से फॉगिंग अभियान चलाया जाता है। रोहतक में अभी ज्यादा मामले नहीं हैं। निगम को फॉगिंग में पूरा सहयोग किया जाता है।

-डॉ. कमला वर्मा, सिविल सर्जन, रोहतक

## शाम को घर से निकला 45 वर्षीय व्यक्ति लापता

- शीतल नगर जाने की बात कहकर निकला था दीपक

रोहतक। जनता कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में लापता हो गया। देर रात तक घर नहीं लौटने और मोबाइल फोन पर संपर्क नहीं होने के बाद परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव करौथा निवासी विकास ने बताया कि उसका चचेरा भाई दीपक पुत्र रणधीर सिंह जनता कॉलोनी में रहता है। 25 जुलाई की शाम करीब छह बजे दीपक शीतल नगर स्थित अपने दूसरे मकान पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। वह प्रतिदिन शाम करीब सात बजे तक घर लौट आता था, लेकिन उस दिन वापस नहीं आया। परिजनों ने उसके मोबाइल फोन पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया। फोन की घंटी बजती रही, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। काफी देर तक इंतजार करने और आसपास तथा परिचितों से पूछताछ के बावजूद दीपक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद परिजन शिवाजी कॉलोनी थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। लापता दीपक की उम्र लगभग 45 वर्ष तथा वह एमए पास है। घटना के समय उसने चेकदार शर्ट, काले रंग का लोअर और चप्पल पहन रखी थी।